प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज अयोध्या में दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञों की मूर्तियों का किया अनावरण : केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा– दक्षिण भारत के हर घर में बसते हैं श्रीराम।
2. भारतीय वायुसेना के 93वें स्थापना दिवस पर हिंडन एयर बेस पर हुआ एयर शो और परेड का आयोजन : वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा– भारतीय वायुसेना ने हर युग में रचा है इतिहास।
3. केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सारनाथ में निर्माणाधीन सोवा रिग्पा अस्पताल का किया निरीक्षण : कहा– वाराणसी और आसपास के जनपदों को इस अस्पताल से मिलेगा तिब्बती चिकित्सा का लाभ। और
4. प्रदेशभर में कल से 18 अक्टूबर तक होगा स्वदेशी मेलों का आयोजन : राज्य के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा–वोकल फॉर लोकल अभियान को जन आंदोलन का रूप देंगे यह मेले ।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज अयोध्या में दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञों संत त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और

अरुणाचल कवि की मूर्तियों का अनावरण किया। इस मौके पर बृहस्पति कुंड में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संतों ने दक्षिण भारत में 15वीं सदी से 18वीं सदी तक राम भक्ति के प्रचार प्रसार में जीवन व्यतीत किया। उनकी मूर्तियां यहां स्थापित होने से हर किसी को एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश मिलेगा। बाइट.....

*दक्षिण भारत के हमारे पूज्य संतों ने सदैव से उत्तर दक्षिण को जोड़ने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी जी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के अभियान का एक नया क्रम है जिसमें हम उत्तर को दक्षिण से दक्षिण को उत्तर से पूरब को पश्चिम से पश्चिम को पूरब से जोड़ करके एक बार भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। काशी तमिल संगमम की तर्ज पर आज दक्षिण भारत के इन तीन पूज्य संतों की मूर्ति की अनावरण का ये समारोह हम सबको एक बार फिर से इस अभियान को और मजबूती के साथ जोड़ने का एक अवसर प्रदान कर रहा है।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने दक्षिण भारत के संतों की प्रतिमाओं को अयोध्या में स्थान मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में भी हर घर में भगवान राम का वास है। बाइट....

*दक्षिण भारत में हर घर में कुछ ना कुछ रूप में श्री राम को माना जाते है। आज मैं बहुत पवित्र दिन इसे मानती हूँ। श्री राम को हर दिन हर श्वास में राम राम राम बोलने वाले इन तीनों महत्वपूर्ण संतों का आज पावन नगरी अयोध्या में स्थान मिला है। उत्तर हो, दक्षिण हो हमारे भावना एक ही है भारत देश के लिए हम है और हमारे बहुत ही मुख्य अंश हमारे जीवन शैली में भक्ति है।*

वित्तमंत्री कल सुबह श्री राम मंदिर में पूजा–अर्चना कर दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

———————

भारतीय वायुसेना ने अपने 93वें वायुसेना स्थापना दिवस पर आज गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर एक विशाल परेड आयोजित कर अपनी ताकत, शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने भारतीय वायु सेना, थल सेना और नौसेना के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। वायुसेना दिवस पर आयोजित परेड में राफेल, सुखोई और मिग–29जैसे लड़ाकू विमानों के साथ–साथ भारत के स्वदेशी नेत्रा, सी–17 ग्लोबमास्टर, सी–130जे हरक्यूलिस, अपाचे अटैक हेलीकाप्टर ने एयर शो के माध्यम से अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम कोसंबोधित करते हुए भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि भारतीय वायुसेना संसार की अग्रिम वायुसेनाओं में से एक है। भारतीय वायुसेना ने हर युग में इतिहास रचा है। बाइट....

*हमारे वायु वीरों ने हर युग में इतिहास रचा है। 1947 में कश्मीर की रक्षा, 1965 में आकाश से प्रहार, 1971 में एक नए राष्ट्र की रचना, 1999 में कारगिल में अदम्य साहस, 2019 में बालाकोट में आतंकियों का नाश और इस वर्ष ऑपरेशन सिंदूर में मात्र चार दिनों में शत्रु पर विजय भारतीय वायु सेना ने हर मुकाम पर सामर्थ्य और वीरता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए तिरंगे की आन और शान की हिफाजत की है।*

————————————

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज वाराणसी के सारनाथ में निर्माणाधीन सोवा रिग्पा अस्पताल का निरीक्षण किया। केंद्रीय उच्च तिब्बती संस्थान में बन रहे इस अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने उन्हें निर्माण की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में कई गंभीर बीमारियों का इलाज तिब्बती चिकित्सा विधि से किया जाएगा, जिसका लाभ आसपास के ज़िले के लोगों को भी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अगले वाराणसी दौरे के दौरान करेंगे। बाइट.......

*जो तिबेतियन स्टाइल ऑफ मेडिसिन है जिसको हमने आयुष का एक वर्टिकल के रूप में स्वीकार किया है और सोवा रिग्पा के नाम से वो पूरे विश्व भर में जानी जाती है। बहुत सारे रोग ऐसे हैं जो क्रिटिकल डिजीज है जिनका सोवा रिग्पा के साथ सहजता से जो हज़ारों हज़ारों साल की पद्धति है उसके माध्यम से चिकित्सा की जाती है। सोवा का एक बड़ा अस्पताल बनाने का निर्णय किया गया था। बिल्डिंग लगभग कंप्लीशन पर है और शीघ्र ही माननीय प्रधानमंत्री जी के अगले वाराणसी प्रवास में इसका उद्‌घाटन होगा।*

————————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो–2025 की तर्ज़ पर राज्य के सभी जिलों में 9 से 18 अक्तूबर के बीच स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ में एक प्रेस वार्ता कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को बाजार से सीधा जोड़ना है। श्री सचान ने कहा कि ये मेले दिवाली के पूर्व "वोकल फॉर लोकल" अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नई दिशा मिलेगी। बाइट.....

*इसका मुख्य उद्देश्य है कि वोकल फॉर लोकल हमें अपने उत्पाद को प्रमोट करना। अपने उत्पाद के जो कारीगर हैं उनके उत्पाद को एक बिक्री का मंच देना है क्योंकि दिवाली में लोग खरीदारी करते हैं और जीएसटी पर जिस तरह से सरकार ने राहत दी है उसके बचत उत्सव के चलते भी आज बाजारों में रौनक है और इस तरह के आयोजन इसलिए सरकार ने किए हैं।*

—————————

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम जानकारी दे रहे हैं कि किस तरह जीएसटी सुधार से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। एक रिपोर्ट.....

*जीएसटी में नए सुधार से उत्तर प्रदेश के कारीगरों, किसानों और छोटे व्यवसायों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। इससे भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और सहारनपुर की लकड़ी की नक्कइशी जैसे प्रसिद्ध उद्योगों को बढावा मिलने के साथ ही कारीगरों की आजीविका को भी मजबूती मिली है। कानपुर और आगरा के चमड़ा और जूता उद्योग, अब 2,500 रुपये तक की कीमत वाली वस्तुओं पर कम जीएसटी का लाभ उठा सकेंगे। फिरोजाबाद, खुर्जा, गोरखपुर और आजमगढ़ जैसे शहर में बनी कांच, सिरेमिक और टेराकोटा उत्पा,दों पर भी अब पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसके साथ ही मेरठ, वाराणसी और चित्रकूट जैसे शहरों में बने पारंपरिक खिलौने, हाथ से बने कागज़ और पर्यावरण–अनुकूल स्टेशनरी के उद्योगों को भी कटौती से लाभ होगा। समर्थ के साथ सौम्या  शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

——————————

शिक्षा मंत्रालय ने विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। भारत बिल्डथॉन 2025, नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन के अंतर्गत एक राष्ट्रव्यापी नवाचार मिशन है। इसका उद्देश्य देश के लगभग ढाई लाख स्कूली छात्रों को इस पहल में शामिल करना है।

——————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दिसम्बर 2025 में प्रस्तावित राष्ट्रीय

पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। एजेंसी द्वारा बताया गया है कि इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया की अंतिम तिथि सात नवंबर है।

————————

इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने निर्धारित तिथि के भीतर उम्मीद पोर्टल पर वक़्फ़ संपत्तियों का पंजीकरण कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सवा लाख से अधिक वक्फ सम्पत्तियां वक्फ बोर्ड मे पंजीकृत हैं जिनमें अब तक सिर्फ 250 संपत्तियां ही इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड हुई हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2025 है।

(समाप्त)